LATEST EDITION

INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO



पेपर-2

# राजस्थान जूनियर अकाउंटेंट

## (कनिष्ठ लेखाकार एवं T.R.A. भर्ती परीक्षा)

**HANDWRITTEN NOTES**

भाग -1

बहीखाता एवं लेखाकर्म + व्यवसाय पद्धति + अंकेक्षण

INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# राजस्थान
# जूनियर अकाउंटेंट
## (कनिष्ठ लेखाकार एवं TRA परीक्षा हेतु)
## पेपर – 2

**भाग – 1**

**बहीखाता एवं लेखाकर्म + व्यवसाय पद्धति + अंकेक्षण**

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान जूनियर अकाउंटेंट (कनिष्ठ लेखाकार एवं TRA भर्ती परीक्षा हेतु)"** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **"राजस्थान लोक सेवा आयोग"** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान जूनियर अकाउंटेंट (कनिष्ठ लेखाकार एवं TRA)" की** परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती हैं / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/***


**प्रकाशक:**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com



**WhatsApp करें - https://wa.link/3ewvb9**

**Online Order करें - https://shorturl.at/dlvHQ**


| | |
|---|---|
| **मूल्य : ₹** | **संस्करण : नवीनतम** |

| क्र. सं | अध्याय | पेज क्रमांक |
|---|---|---|
| | Book Keeping And Accountancy<br>(बहीखाता एवं लेखापालन) | |
| 1. | लेखांकन | 1-11 |
| 2. | लेखांकन की प्रक्रिया | 12-40 |
| 3. | बैंक समाधान विवरण | 41-47 |
| 4. | त्रुटियों का सुधार | 48-57 |
| 5. | ह्रास | 58-67 |
| 6. | ग़ैर – लाभकारी संगठनों के वित्तीय विवरण | 68-80 |
| 7. | अपूर्ण अभिलेखों से लेखा या इकहरा लेखा प्रणाली | 81-83 |
| 8. | भागीदारी खाता | 84-90 |
| 9. | फर्म का पुनर्गठन – जीवन नीति के उपचार सहित एक साथी का प्रवेश, सेवा निवृत्ति और मृत्यु | 91-105 |
| 10. | बीमा का दावा | 106-109 |
| | व्यापार के तरीके<br>(Business Methods) | |
| 1. | व्यवसाय | 109-113 |
| 2. | व्यापार संगठन के रूप | 114-120 |
| 3. | उद्यमशीलता | 121-128 |
| 4. | परक्राम्य लिखत | 128-133 |
| 5. | व्यापार वित्त के स्रोत | 134-139 |
| 6. | विज्ञापन | 139-143 |
| 7. | उपभोक्ता अधिकार और शोषण के खिलाफ संरक्षण | 143-148 |
| 8. | मानव संसाधन योजना भर्ती चयन और प्रशिक्षण | 148-154 |
| 9. | संचार – प्रक्रिया बाधाओं को दूर करने के लिए बाधाएं और सुझाव | 154-159 |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | प्रभावी अनुशासन के लिए अनुशासन कारण और सुझाव | 160-162 |
| 11. | समन्वय महत्व और सिद्धांत | 162-167 |
| | अंकेक्षण (Auditing) | |
| 1. | अंकेक्षण | 167-171 |
| 2. | प्रमाणन | 172-188 |
| 3. | आंतरिक नियंत्रण | 189-198 |
| 4. | संपत्ति और देनदारियों का मूल्यांकन और सत्यापन | 199-206 |
| 5. | कंपनी लेखा परीक्षक के अधिकार, कर्त्तव्य और दायित्व | 206-217 |
| 6. | सरकारी कंपनियों की लेखापरीक्षा | 217-218 |
| 7. | ऑडिट रिपोर्ट और सर्टिफिकेट | 219-223 |

# Book keeping and Accountancy

## अध्याय – 1

## लेखांकन
## (Accountancy)

### लेखांकन का अर्थ

लेखांकन वह शास्त्र है जिसका संबंध मुख्यत: वित्तीय स्वभाव वाले व्यवहारों तथा घटनाओं के घटनाओं के अभी लेखन ,वर्गीकरण तथा विश्लेषण से है|

- इसका कार्य आर्थिक क्रियाओं के संबंध में मात्रिक सूचना प्रदान करना है जो निर्णय कार्य में में बहुत उपयोगी होते हैं|

### परिभाषाएं

वर्ष 1941 में अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक एकाउटेंट्स (American Institute of Certified Public Accountants (AICPA)) ने लेखांकन की परिभाषा इस प्रकार दी है|

लेखांकन सौदों एवं घटनाओं को जो आंशिक रूप में अथवा कम से कम वित्तीय प्रवृत्ति के होते हैं प्रभावपूर्ण विधि से एवं मौद्रिक ग्रुप में लिखने वर्गीकृत करने और सारांश में व्यक्त करने तथा उनके परिणामों की व्याख्या करने की कला है|

"लेखांकन एक महत्वपूर्ण तरीके से और पैसे, संव्यवहारों और घटनाओं के संदर्भ में रिकॉर्ड करने, वर्गीकृत करने और संक्षेप में बनाने की कला है, जिसमें कम से कम एक वित्तीय विशेषता हैं, और उसके परिणाम की व्याख्या करते हैं। "

परिभाषा के अनुसार, लेखांकन मूल रूप से रिकॉर्ड / दस्तावेज़ बनाने की कला है लेखांकन की प्रक्रिया सबसे पहले वित्तीय प्रकृति वाली घटनाओं और संव्यवहारों को पहचाने से शुरू होती है और फिर उसे खाता बही में रिकॉर्ड किया जाता है। इसे जर्नल या सहायक बहियों में रिकॉर्ड किया जाता है, जिसे प्राथमिक बहियां भी कहा जाता है।

"खातों के उपयोगकर्ताओं द्वारा सूचित निर्णयों और फैसले लेने में सक्षम बनाने के लिए आर्थिक जानकारी को पहचानने, मापने और संप्रेषित करने की प्रक्रिया । "

"लेखांकन का कार्य आर्थिक संस्थाओं के बारे में प्राथमिक रूप से वित्तीय प्रकृति की मात्रात्मक जानकारी प्रदान करना है, जो आर्थिक निर्णय लेने में उपयोगी होनी चाहिए। "

### लेखांकन के उद्देश्य

लेखांकन के उद्देश्य निम्न के रूप में दिये जा सकते हैं:

1.लेन-देन की व्यवस्थित रिकॉर्डिंग - लेखांकन का मूल उद्देश्य कारोबार के लेनदेन के वित्तीय पहलुओं को व्यवस्थित रूप से रिकॉर्ड करना है यानी बहीखाता बनाना। इन रिकॉर्ड किए गए लेनदेन को वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उनका विश्लेषण और व्याख्या करने के लिए बाद में वर्गीकृत किया जाता है और तार्किक रूप से संक्षेप में बनाया जाता है।

2.ऊपर रिकॉर्ड किये गए संव्यवहारों के परिणामों का पता लगाना - लेखाकार एक विशेष अवधि के लिए कारवार के संचालन के परिणामों को जानने के लिए लाभ और हानि खाता तैयार करता है। यदि राजस्व व्यय से अधिक होता है तो कहा जाता है कि कारवार मुनाफ़े में चल रहा है लेकिन यदि व्यय राजस्व से अधिक होता है तो कहा जा सकता है कि कारोबार घाटे में चल रहा है। लाभ और हानि खाता प्रबंधन और विभिन्न हितधारकों को तर्कसंगत निर्णय लेने में मदद करता है ।

उदाहरण के लिए, यदि कारोबार लाभकारी या लाभदायक साबित नहीं होता है, तो प्रबंधन द्वारा उपचारात्मक कदम उठाने के लिए ऐसी स्थिति के कारण की जांच की जा सकती है।

3.कारोबार की वित्तीय स्थिति का पता लगाना - व्यवसायी न केवल किसी विशेष अवधि के लिए लाभ या हानि के संदर्भ में कारोबार के परिणामों को जानने में रुचि रखता है, बल्कि यह जानने के लिए भी चिंतित रहता है कि निश्चित तिथि पर बाहरी लोगों का उसका क्या बकाया (दायित्व ) है और उसके पास क्या है (आस्तियाँ)। इससे जानने के लिए, लेखाकार एक वित्तीय स्थिति का विवरण तैयार करता है जिसे लोकप्रिय रूप से तुलन पत्र कहा जाता है। तुलन पत्र एक विशेष समय पर कारबार की आस्ति और दायित्वों का विवरण है और कारोबार के वित्तीय स्वास्थ्य का पता लगाने में मदद करता है।

4.तर्कसंगत निर्णय लेने के लिए उपयोगकर्ताओं को जानकारी प्रदान करना ' कारोबार की भाषा' के रूप में लेखांकन वित्तीय विवरणों के माध्यम से विभिन्न हितधारकों को उद्यम के वित्तीय परिणामों को संप्रेषित करता है। लेखांकन का उद्देश्य निर्णय लेने वालों की संबंधी जरूरतों को पूरा करना और उन्हें तर्कसंगत निर्णय लेने में मदद करना है।

5.ऋण-शोधन क्षमता की स्थिति जानने के लिए - तुलन पत्र तैयार करके, प्रबंधन न केवल यह बताता है कि उद्यम के पास क्या है और क्या बकाया क्या है, बल्कि यह अल्पावधि (तरलता स्थिति) में और साथ ही दीर्घअवधि(ऋण-शोधन क्षमता की स्थिति) में उनके देयता को पूरा करने के लिए संबंधित क्षमता के बारे में भी जानकारी देता है जब वे देय होते हैं।

### लेखांकन के कार्य

लेखांकन के मुख्य कार्य नीचे दिये गए हैं:

(a) मापन: लेखांकन कारबार इकाई के पिछले प्रदर्शन को मापता है और इसकी वर्तमान वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

(b)पूर्वानुमान लगाना: लेखांकन पिछले डेटा और प्रवृत्तियों का विश्लेषण करके उद्यम के भविष्य के प्रदर्शन और वित्तीय स्थिति का पूर्वानुमान लगाता है।

(c)निर्णय लेना : लेखांकन तर्कसंगत निर्णय लेने में सहायता के लिए खातों के उपयोगकर्ताओं को उपयुक्त जानकारी प्रदान करता है।

(d) तुलना और मूल्यांकन: लेखांकन लक्ष्यों के संबंध में प्राप्त प्रदर्शन का आकलन करता है और लेखांकन नीतियों और आकस्मिक देनदारियों के बारे में जानकारी का खुलासा करता है जो वित्तीय परिणामों पूर्वानुमान लगाने, तुलना करने और मूल्यांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

(e)नियंत्रण: लेखांकन संचालन प्रणाली की कमियों की पहचान करता है और ऐसी कमियों की जांच के लिए अपनाए गए उपायों की प्रभावशीलता के बारे में प्रतिक्रिया प्रदान करता है।

(f)सरकारी विनियमन और कराधन: लेखांकन सरकार को संस्था पर नियंत्रण रखने के साथ-साथ कर राजस्व के संग्रह में आवश्यक जानकारी प्रदान करता है।

**लेखांकन की विशेषताएं (Features of Accounting) :**

लेखांकन की परिभाषाओं के अवलोकन से इसकी निम्नलिखित विशेषताएं स्पष्ट होती हैं:-

1. लेखांकन व्यवसायिक सौदों के लिखने और वर्गीकृत करने की कला और विज्ञान है।
2. यह लेनदेन पूर्ण या आशिंक रूप से वित्तीय प्रकृति के होते हैं।
3. सौदे को मुद्रा में व्यक्त किया जाता हैं।
4. यह सारांश लिखने विश्लेषण और निर्वाचन करने की कला भी है।
5. विश्लेषण एवं निर्वचन की सूचना उन व्यक्तियों को संप्रेषित की जाती है जिन्हें इनके आधार पर निष्कर्ष या परिणाम निकालने हैं या कोई निर्णय लेना है।

**लेखांकन की प्रकृति (Nature of Accounting):**

1. लेखांकन मनुष्य कृत है।
2. इसका विकास समय के साथ-साथ हुआ है।
3. इसका व्यवहार सामाजिक प्रणाली के अंतर्गत किया जाता है।
4. यह एक क्रमबद्ध प्रयास है।
5. यह लोचदार विचारधारा है।
6. यह निर्माण करने की विधि भी है।
7. यह व्यवसाय की भाषा है।
8. भाषा के रूप में इनका अपना वाक्य विज्ञान है।
9. यह लेखांकन सूचनाओं के प्रयोगकर्ताओं की वित्तीय सूचना उपलब्ध कराता है।
10. यह एक सेवा कार्य है।

**लेखांकन के कार्य**

**लेखांकन के 6 कार्य हैं:-**

1. **लेखात्मक कार्य -**
- लेखांकन का यह आधारभूत कार्य है इस कार्य के अंतर्गत व्यवसाय की प्रारंभिक पुस्तकों जर्नल और उसकी सहायक बहियो में क्रमबद्ध लेखे करना उनको उपयुक्त खातों में वर्गीकृत करना अर्थात उनसे खाते तैयार करना और तलपट बनाने का कार्य शामिल है।
- इनके आधार पर वित्तीय विवरणों जैसे लाभ हानि खाता आय विवरण लिखा था तथा चिट्ठे को तैयार किया जाता है।

2. **व्याख्यात्मक कार्य-**
- इस कार्य के अंतर्गत लेखांकन सूचनाओं में हित रखने वाले पक्षो के लिए वित्तीय विवरण व प्रतिवेदन का विश्लेषण एवं व्याख्या शामिल है।
- तृतीय पक्ष एवं प्रबंधकों की दृष्टि से लेखांकन का यह कार्य महत्वपूर्ण माना गया है।

3. **संप्रेषणआत्मक कार्य- लेखांकन को व्यवसाय की भाषा कहा जाता है ।**
- जिस प्रकार भाषा का मुख्य उद्देश्य संप्रेषण के साधन के रूप में कार्य करना है क्योंकि विचारों की अभिव्यक्ति भाषा ही कराती है ठीक उसी प्रकार लेखांकन व्यवसाय की वित्तीय स्थिति व अन्य सूचनाएं (जैसे शुद्ध लाभ, संपत्ति व दायित्व आदि) उन सभी पक्षकारों को प्रदान करता है जिनके लिए यह आवश्यक है।

4. **वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना-**
- विभिन्न कानूनों परिधानों, जैसे:- कंपनी अधिनियम ,आयकर अधिनियम, बिक्री कर अधिनियम ,आदि द्वारा विभिन्न प्रकारों के विवरणों को जमा करने पर बदल दिया जाता है।
- जैसे- वार्षिक खाते ,आयकर रिटर्न, बिक्री कर रिटर्न, आदि।।यह तभी जमा किए जा सकते हैं यदि लेखांकन ठीक से रखा जाए।

5. **व्यवसाय की संपत्तियों की रक्षा करना-**
- लेखांकन का एक महत्वपूर्ण कार्य व्यवसाय की संपत्तियों की रक्षा करना है। यह तभी संभव है जबकि विभिन्न संपत्तियों की उचित लिखा रखा जाए।

6. **निर्णय लेने में सहायता करना-**
- लेखांकन महत्वपूर्ण आंकड़े उपलब्ध कराता है जिसे निर्णयन कार्ड में सुविधा होती है।

- उपर्युक्त कार्यों के अतिरिक्त लेखांकन प्रबंधक को संस्था के नियंत्रण कार्य में पर्याप्त सहायता प्रदान करता है। यह सहायता विभिन्न प्रकार की सूचनाओं को उपलब्ध उपलब्ध कराकर ही की जाती है।
  जैसे:-
  (i) बैंक से इसकी स्थिति क्या है?
  (ii) हटा लो कर कितनी है
  (iii) सामग्रियों या स्टॉक की स्थिति क्या है?
  (iv) ग्राहकों के पास कितनी बकाया है ?
  (v) लेनदार को कितना देना है?
  (vi) विभिन्न संपत्तियों की स्थिति क्या है और उनका उपयोग किस प्रकार हो रहा है?
  इन सूचनाओं के आधार पर ही संस्था के स्वामी या प्रबंधक यह देखते हैं कि किसी संपत्ति की बर्बादी तो नहीं हो रही है।

**लेखांकन के प्रकार (Types of Accounting):**
विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अलग अलग प्रकार की लेखांकन पद्धतियां विकसित हुई है इन्हें लेखांकन का प्रकार कहा जाता है।
**लेखांकन के मुख्य प्रकार निम्नलिखित हैं**

- **वित्तीय लेखांकन**
- **लागत लेखांकन**
- **प्रबंध लेखांकन**

**(1) वित्तीय लेखांकन:-** वित्तीय लेखांकन वह लेखांकन है जिसके अंतर्गत वित्तीय प्रकृति वाले सौदों को लिखाबद्ध किया जाता है।
इस प्रकार वित्तीय लेखांकन के निम्नलिखित मुख्य कार्य है:-

- व्यवसाय या संस्था से संबंधित लेनदेन कोउपयुक्त वही में लिखना
- आवश्यक खाते हैं लाभ हानि खाते तथा चिट्ठा तैयार करना
- एक निश्चित अवधि के व्यवसायिक परिणामों के व्यवसाय के स्वामी या प्रबंधित प्रकारों को अवगत कराना।

**(2) लागत लेखांकन:-** लागत लेखांकन वित्तीय लेखा पद्धति की सहायक है लागत लेखांकन किसी वस्तु या सेवा की लागत की व्यवस्थित व वैज्ञानिक विधि से लिख लेखा करने की प्रणाली है इसके द्वारा वस्तु या सेवा की कुल लागत तथा प्रति इकाई लागत का सही अनुमान लगाया जा सकता है यह उत्पादन विक्रय एवं वितरण की लागत भी बताता है।

**(3) प्रबंध लेखांकन:-** यह लेखांकन की आधुनिक खड़ी है जब कोई लेखा विधि प्रबंधन की आवश्यकता के लिए आवश्यक सूचना प्रदान करती है तब इसे प्रबंध किए लेखा अवधि कहा जाता है।

**रॉबर्ट एंथनी के अनुसार ,"प्रबंधन लेखांकन का संबंध उल्लेख आंगन सूचनाओं से है जो प्रबंध के लिए उपयोगी है।"**

- प्रबंधन की आवश्यकताएं मुख्यता नियोजन संगठन तथा नियंत्रण से संबंधित होती है।
- अतः प्रबंधकीय लेखांकन के अंतर्गत वित्तीय विवरणों का विश्लेषण ,अनुपात विश्लेषण, बजेट्री नियंत्रण, प्रमाण लागत, सीमांत लागत ,सम विच्छेद बिंदु विश्लेषण, रोकड़ प्रवाह विवरण ,कोष प्रवाह विवरण, संवहन एवं रिपोर्टिंग संबंधित सम्मिलित है।

**लेखांकन की अन्य शाखाएं**
**(4)कर लेखांकन:-** हर एक देशों में सरकारी कामकाज के लिए कई प्रकार के कर लगाए जाते हैं जैसे :-आयकर, सम्पदा कर, बिक्री कर ,उपहार क,र मृत्यु कर ,आदि कर उन व्यवस्थाओं के लिए है जिसकी लेखांकन पद्धति अपनाई जाती है व्यवस्थाओं के अनुसार कर रखे जाने वाले लेखांकन को (कर लेखांकन) कहा जाता है।

**(5) सरकारी लेखांकन:-** राज्य सरकार ,केंद्र सरकार, जैसे:- नगर निगम, नगर पालिका ,जिला बोर्ड ,आदि जो लेखांकन की पद्धति को अपनाती है उन्हें सरकारी लेखांकन कहा जाता है।

**(6) सामाजिक लेखांकन:-** किसी राष्ट्र के आर्थिक क्रियाओं को उचित ढंग से क्रमबद्ध करना ही सामाजिक लेखांकन कहलाता है, विभिन्न कार्य संबंधी वर्गों में बांटी जाने वाली यह सामाजिक क्रियाएं हैं यह लेखांकन की विधि किसी राष्ट्र में निर्धारित अवधि में हुए सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों को बहुत सारे रूप में प्रकट करती है इसे ही राष्ट्रीय लेखांकन भी कहा जाता है।

**(7) मानव संसाधन लेखांकन:-** मानव संसाधन लेखांकन मानक साधनों को पहचानने में और इनके आंकड़े में मापन करने और इस सूचना को संबंधित पक्षों तक संवहित करने की प्रक्रिया है।

**लेखांकन की भूमिका**
सामाजिक आवश्यकताओं और आर्थिक विकास में परिवर्तन की बढ़ती मांग के साथ लेखांकन की भी भूमिका में परिवर्तन होता आ रहा है लेखांकन सिर्फ लेन देन के अभीलेखन तक ही सीमित नहीं है बल्कि इससे सूचना प्रणाली और निर्णय लेने जैसे कार्य के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। उद्यम के विशाल समय के मापन वर्गीकरण के

सामाजिक जागरूकता बढ़ाने से पैदा होती है। जैसा ही पहले ही चर्चा की जा चुकी है कि सामाजिक जिम्मेदारी लेखांकन उद्यम द्वारा उपगत सामाजिक लागत और प्रदान किये गए सामाजिक लाभों के लिए लेखांकन से संबंधित है।

**लेखांकन की सीमाएं**

1. ऐसे कारक जो उद्यम के मूल्य का आकलन करने में प्रासंगिक हो सकते हैं उन्हें लेखा में नहीं डाला जाता है क्योंकि उन्हें धन के संदर्भ में नहीं मापा जा सकता है। तुलन पत्र में कर्मियों की वफादारी और कौशल जैसे कुछ कारकों के मूल्य को दर्शाया नहीं कर सकता है जो इन दिनों एक उद्यम की सबसे मूल्यवान संपत्ति हो सकती है।
2. तुलन पत्र उसको तैयार करने के दिन तब कारबार की स्थिति को दर्शाती है ना कि भविष्य की तारीख की जबकि लेखा का उपयोगकर्ता निकट भविष्य में और लंबी अवधि में कारवार की स्थिति को जानने का इच्छुक होता है और ना कि अतीत की तारीख के लिए।
3. लेखांकन मुद्रास्फीति आदि जैसे कुछ मौद्रिक कारकों में परिवर्तन को अनदेखा करता है।
4. ऐसे अवसरा होते हैं जब लेखांकन के सिद्धांत एक दूसरे का विरोध करते हैं।
5. कुछ लेखांकन अनुमान लेखाकार के पूर्णतया व्यक्तिगत निर्णय पर निर्भर करते हैं, उदाहरण के लिए, संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान, अपनाई गई मूल्यह्रास की विधि, कुछ व्यय को राजस्व व्यय या पूंजीगत व्यय के रूप में रिकॉर्ड करना, इन्वेंटरीज़ के मूल्यांकन की विधि का चयन और सूची काफी लंबी है।

**कुछ महत्वपूर्ण लेखांकन अवधारणा इस प्रकार हैं :-**

1. व्यावसायिक इकाई अवधारणा
2. मुद्रा माप अवधारणा
3. चालू व्यापार अवधारणा
4. लेखांकन अवधि अवधारणा
5. लेखांकन लागत अवधारणा
6. द्विपक्षीय अवधारणा
7. वसूल अवधारणा
8. उपार्जन अवधारणा
9. मिलान अवधारणा

**1. <u>व्यावसायिक इकाई अवधारणा</u>**

इस अवधारणा के अनुसार लेखांकन के लिए भी व्यावसायिक इकाई एवं इसका स्वामी दो पृथक स्वतन्त्र इकाई। अतः व्यवसाय एवं इसके स्वामी के व्यक्तिगत लेन-देन अलग-अलग होते हैं। उदाहरण के लिए जब भी स्वामी व्यवसाय में से रोकड़/वस्तुओं को अपने निजी प्रयोग के लिए ले लाता हैं तो इसे व्यवसाय का व्यय नहीं माना जाता। अतः लेखांकन अभिलेखों को व्यावसायिक इकाई की दृष्टि से लेखांकन पुस्तकों में लिखा जाता है न कि उस व्यक्ति की दृष्टि से जो उस व्यवसाय का स्वामी है । यह अवधारणा लेखांकन का आधार है। आइए एक उदाहरण लें। माना श्री साहू ने 1,00,000 रु. का माल खरीदा, 20,000 रु. का फर्नीचर खरीदा तथा 30,000 य. का यन्त्र एवं मशीने खरीदें 10,000 रु. उसके पास रोकड़ है। यह व्यवसाय की परिसंपत्तियाँ है न कि स्वामी की। व्यावसायिक इकाई की अवधारणा के अनुसार 1,00,000 रु. की राशि व्यवसाय की पूँजी अर्थात् व्यवसाय पर स्वामी के प्रति देनदारी मानी जाएगी।

माना वह 5000 रु. नकद तथा 5000 रु. की वस्तुएँ व्यापार से घरेलु खर्चे के लिए ले जाता है। स्वामी द्वारा व्यवसाय में से रोकड़ /माल को ले जाना उसका निजी व्यव है। यह व्यवसाय नहीं है। इसे आहरण कहते हैं। इस प्रकार व्यावसायिक इकाई की अवधारणा यह कहती है कि व्यवसाय और उसके स्वामी अपने लिएअथवा अपने परिवार के लिए व्यवसाय में से कोई खर्च करता है। तो इसे व्यवसाय का खर्च नहीं बल्कि स्वामी का खर्च माना जाएगा तथा इसे आहरण के रूप में दिखाता जाएगा।

महत्व

नीचे दिए गए बिन्दु व्यावसायिक इकाई की अवधारणा के महत्व पर प्रकाश डालते है

यह अवधारणा व्यवसाय के लाभ के निर्धारण में सहायक होती है। क्योकि व्यवसाय में केवल खर्चों एवं आगम का ही लेखा किया जाता है तथा सभी निजी एवं व्यक्तिगत खर्चों की अनदेखी की जाती है ।

यह अवधारणा लेखाकारों पर स्वामी की निजी/व्यक्तिगत लेन देना के अभिलेखन पर रोक लगाती है ।

यह व्यापारिक दृष्टि से व्यावसायिक लेन-देनों के लेखा करने एवं सूचना देने के कार्य को आसान बनाती है।

यह लेखांकन, अवधारणों परिपाटियों एवं सिद्धांतों के लिए आधार का कार्य करती है।

**2. <u>मुद्रा माप अवधारणा</u>**

मुद्रा माप अवधारणा के अनुसार व्यावसायिक लेन-देन मुद्रा में होने चाहिए। अर्थात् देश की मुद्रा में। हमारे देश में यह लेन-देन रुपये में होते हैं। इस प्रकार से मुद्रा माप अवधारणा के अनुसार जिन लेन-देनों को मुद्रा के रूप हमें दर्शाया जा सकता है उन्हीं का लेखा पुस्तकों में लेखांकन किया जाता है। उदाहरण के लिए 2,00,000 रु. का माल बेचा, 1,00,000 रु. का कच्चा माल खरीदा, 1,00,000 रु किराए के भुगतान आदि मुद्रा में व्यक्त किय गए है। अतः इन्हें। लेखापुस्तकों में लिखा जाएगा। लेकिन जिन लेन-देनों को मुद्रा में नहीं दर्शाया जा सकता उनका लेखापुस्तका में नही किया जाता। उदाहरण के लिए कर्मचारियों की ईमानदारी इन्हें मुद्रा में नहीं मापा जा सकता , जबकि इनका भी व्यवसाय के लाभ तथा हानि पर प्रभाव पड़ता है ।

इस अवधारणा का एक पहलू यह भी है कि लेन-देनों का लेखा-जोखा भौतिक इकाइयों में नही बल्कि मुद्रा इकाइयों में रखा जाता है। उदाहरण के लिए माना 2006 के अंत में एक संगठन के पास 10 एकड़ जमीन पर एक कारखना है, कार्यालय के लिए एक भवन है जिसमें 50 कमरे हैं 50 निजी कम्प्यूटर है, 50 कुर्सी तथ मेजे हैं 100 कि.ग्रामकच्चा माल है। यह सभी विभिन्न इकाइयों में दर्शाये गए हैं। लेकिन लेखांकन में इनका लेखा-जोखा मुद्रा के रूप में अर्थात् रुपयों में रखा जाता है। इस उदाहरण में कारखानों की भूमि की लागत 12 करोड़ रुपए, कार्यालय के भवन की 10 करोड़ रु. कम्प्यूटरों की 10 लाख रु. कार्यालय की कुर्सी तथा मेजों की लागत 2 लाख रु. तथा कच्चे माल की लागत 30 लाख् रु. है। इस प्रकार से सगं ठन की कुल परिसंपत्तियों का मूल्य 22 करोड 2 लाख् रुपया है। इस प्रकार से लेखा पुस्तकों में कवे ल उन्ही लेन-देन का लेखांकन किया जाता है जिन्हें। मुद्रा में दशार्य जा सके वह भी केवल मात्रा में मुद्राŗ मापन की अवधारणा यह स्पष्ट करती है कि मुद्रा ही एक ऐसा मापदण्ड है जिसमें हम व्यवसाय में खरीदी गई वस्तुओं, सम्पत्तियों, व्यवसाय के देनदारों-लेनदारों, समय समय पर प्राप्त होने वाली आय व किये जाने वाले व्ययों का योग लगा सकते है तथा व्यवसाय के सम्पूर्ण हिसाब को सर्वसाधारण के समझ के अनुसार रख सकते हैं।

**महत्व**

मुद्रा माप अवधारणा के महत्व को नीचे दिए गए बिन्दुओ के द्वारा दर्शाया गया :

यह अवधारणा लेखाकारों का मार्गदर्शन करती है कि किसका लेखा किया जाए और किसका नहीं ।

यह व्यावसायिक लेन-देनों के अभिलेखन में एकरूपता लाने में सहायक होता है ।

यदि सभी व्यावसायिक लेन-देनों को मुद्रा में दर्शाया जाता है तो व्यावसायिक इकाई ने जो खाते बनाए हैं उन्हें समझना आसान होगा ।

इससे किसी भी फर्म के दो भिन्न अवधियों के और दो भिन्न फमोर्ं के एक ही अवधि के व्यावसायिक निष्पादन की तुलना करना सरल हो जाता है ।

### 3. चालू व्यापार अवधारणा

इस अवधारणा का मानना है कि व्यावसायिक इकाई अपनी गतिविधियों को असीमित समय तक चलाती रहेगी। इसका अर्थ है कि प्रत्येक व्यवसाय इकाई के जीवन में निरंतरता है, इसलिए जल्दी ही इसका समापन नहीं होगा। यह लेखांकन की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है क्योंकि इसी के आधार पर स्थिति विवरण में सम्पत्तियों के मूल्य को दिखाया जाता है। उदाहरण के लिए माना कि एक कम्पनी एक संयन्त्र एवं मशीनरी 1,00,000 रु. में खरीदती है जिसका जीवन काल 10 वर्ष का है । इस अवधारणा के अनुसार कुछ राशि को प्रतिवर्ष खर्च के रूप में दिखाया जाएगा, जबकि शेष को एक सम्पत्ति के रूप में। अतः हम कह सकते हैं कि यदि किसी मद पर कोई राशि खर्च की जाती है जिसका व्यवसाय में कई वर्ष तक उपयोग होगा तो इस राशि खर्च की जाती है आगम में से समायोजित करना तर्कसंगत नहीं होगा जिस वर्ष में इसका क्रय किया गया है। इसके मूल्य के एक भाग को ही उस वर्ष व्यय के रूप में दिखाया जाएगा जिस वर्ष इसको क्रय किया गया है तथा शेष को सम्पत्ति में दिखाया जाएगा ।

**महत्व**

इस अवधारणा की सहायता से वित्तीय विवरण तैयार किए जाते हैं ।

इस अवधारणा के आधार पर स्थायी सम्पत्तियों पर अवक्षयण लगाया जाता है।

इसस निवेशकों को बड़ी सहायता मिलती है क्योकि यह उन्हें विश्वास दिलाया है कि उनको उनके निवेश पर आय प्राप्त होती रहेगी ।

इस अवधारणा के न होने पर स्थायी सम्पत्तियों की लागत को उनके क्रय के वर्ष में व्यय माना जाएगा ।

व्यवसाय का आकलन भविष्य में उसकी लाभ अर्जन क्षमता से किया जाता है।

व्यापार के माल और सम्पत्ति तथा हिसाब-किताब के मूल्य के बारे में अनुमाननही लगाता ।

### 4. लेखांकन अवधि अवधारणा

लेखा पुस्तकों में लेन-देनों का लेखा इस मान्यता पर किया जाता है कि उन लेन-देनों के फलस्वरूप एक निश्चित अवधि के लिए लाभ का निर्धारण किया जाता है। इसे ही लेखा अवधि अवधारणा कहते हैं। इस अवधारणा के अनुसार स्थिति विवरण एवं लाभ हानि खाता को नियमित रूप से निश्चित अवधि की समाप्ति पर बनाना चाहिए। यहाँ इसके कई उद्देश्य हैं जैसे कि लाभ का निर्धारण, वित्तीय स्थिति का निर्धारण, कर की गणना आदि। लेखा अवधि अवधारणा में व्यापार के अनिश्चित जीवन को कई भागों में बांट दिया जाता है। इन भागों को लेखांकन काल/लेखा अवधि कहा जाता है। एक वर्ष, छः महीने, तीन महीने मासिक आदि हो सकते है।। सामान्यता एक लेखा अवधि एक वर्ष की ली जाती है जो कि एक कलेण्डर वर्ष अथवा वित्तीय वर्ष हो सकती है। व्यवसाय की समाप्ति पर ही वह लगाई गई पूँजी एवं व्यवसाय समाप्त होने के समय उपलब्ध पूँजी की तुलना कर व्यवसाय के परिमापों को जान सकता है। अतः लेखांकन की एक निश्चित अवधि होनी चाहिए ना कि उक्त अवधि के परिणामों को प्राप्त किया जा सके तथा वित्तीय स्थिति का सही आकलन सम्भव हो ।

वर्ष का प्रारम्भ आदि । जनवरी से होता है तथा 31 दिसम्बर को समाप्त होता है तो यह केलेण्डर वर्ष कहलाता है। वर्ष

तथा प्रापित के अधिकार तथा व्ययों के वास्तविक नकद भुगतान तथा भुगतान के दायित्व में अन्तर करता है ।
लेखांकन में उपार्जन अवधारणा अन्तर्गत यह माना जाता है कि आगम की वसूली सेवा या वस्तुओं के विक्रय के समय होगी न कि जब रोकड़ की प्राप्ति होती है । उदाहरण के लिए माना एक फर्म ने 55000 रु. का माल 25 माचर्, 2005 को बेचा लेकिन भुगतान 10 अप्रैल, 2005 तक प्राप्त नहीं हुआ । राशि देय है तथा इसका फर्म को बिक्री की तिथि अर्थात् 25 मार्च, 2005 को भुगतान किया जाना है । इसको वर्ष समाप्ति 31 मार्च, 2005 की आगम में सम्मिलित किया जाना चाहिए । इसी प्रकार व्ययों की पहचान सेवाओं की प्राप्ति के समय की जाती है न कि जब इन सेवाओं का वास्तविक भुगतान किया जाता है । उदाहरण के लिए माना फर्म ने 20000 रु. की लागत का माल 29 मार्च, 2005 को प्राप्त किया लेकिन 2 अप्रैल, 2005 को किया गया । उपार्जन अवधारणा के अनुसार व्ययों का अभिलेखन वर्श समाप्ति 31 मार्च 2005 के लिए किया जाना चाहिए जबकि 31 मार्च, 2005 तक कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।
यद्यपि सेवाएँ प्राप्त की जा चुकी है तथा जिस व्यक्ति का भुगतान किया जाना है उसे लेनदार दिखाया गया है ।
विस्तार से उपार्जन अवधारणा की मांग है कि आगम की पहचान उस समय की जाती है जबकि उसकी वसूली हो चुकी हो और व्ययों की पहचान उस समय की जाती है जबकि वह देय हों तथा उनका भुगतान किया जाना हो न कि जब भुगतान प्राप्त किया जाता है अथवा भुगतान किया जाता है ।

**महत्व**

इससे एक समय विशेष के वास्तविक व्यय एवं वास्तविक आय को जान सकते हैं। इससे व्यवसाय के लाभ का निर्धारण करने में सहायता मिलती है ।

**9. मिलान अवधारणा**

मिलान अवधारणा के अनुसार आगम के अर्जन के लिए जो आगम एवं व्यय कि जाए वह एक ही लेखा वर्ष से सम्बन्धित होने चाहिए। अतः एक बार यदि आगम की प्राप्ति हो गई है तो अगला कदम उसको सम्बन्धित लेखा वर्ष में आबटंन करना है और यह उपार्जन के आधार पर किया जा सकता है।
यह सिद्धांत स्पष्ट करता है कि व्यवसाय में अर्जित आगम व किये गए व्ययों को कैसे सम्बन्धित किया जाए। आगम व व्ययों का मिलान करते समय सर्वप्रथम एक निश्चित अवधि की आगम को निर्धारित करना चाहिए इसके बाद इस आगम को प्राप्त करने के लिए किये गए व्ययों को निर्धारित करना चाहिये। अर्थात् आगम का व्ययों से मिलान करना चाहिए, न कि व्ययों का आगम से।

**<u>लेखांकन के आधारभूत पारिभाषिक शब्द</u> :-**

**<u>लेन-देन</u> :-**

दो या दो से अधिक इकाइयों के बीच कोई घटना जिसका कुछ मूल्य होता है लेन-देन कहलाता है। यह माल का क्रय, धन की प्राप्ति, लेनदार को भुगतान व्यय आदि हो सकती है। यह एक नकद अथवा उधार सौदा हो सकता है।

**<u>इकाई</u> :-**

यहाँ इकाई से अभिप्राय एक ऐसी वस्तु से है जिनका एक निश्चित अस्तित्व है। व्यावसायिक इकाई से अभिप्राय विशेष रूप से पहचान किए गये व्यावसायिक उद्यम से है जैसे- सुपर बाजार, हायर ज्वैलर्स, आई.टी.सी.लि., आदि। एक लेखांकन प्रणाली को सदा विशिष्ट व्यावसायिक अस्तित्व के लिए तैयार किया जाता है (इसे लेखांकन इकाई भी कहते हैं ) ।

**<u>परिसंपत्तियाँ</u> :-**

यह किसी उद्यम के आर्थिक स्रोत होते हैं जिन्हें मुद्रा के रूप में उपयोगी ढंग से प्रकट किया जा सकता है। परिसंपत्तियों का मूल्य होता है तथा इनका व्यवसाय के परिचालन में उपयोग किया जाता है।
उदाहरण के लिए सुपर बाजार के पास ट्रकों का बेड़ा है जिनका उपयोग यह खाद्य पदार्थों की सुपुर्दगी के लिए करता है। ट्रक इस प्रकार से उद्यम को आर्थिक लाभ पहुँचाते रहे हैं। इसे सुपर बाजार के तुलन-पत्र की परिसंपत्ति की ओर दर्शाया जाएगा। परिसंपत्तियों को सामान्यतया दो वर्गों में बाँटा जाता है: चालू व गैर चालू परिसंपत्ति ।


परिसंपत्तियाँ
गैर चालू परिसंपत्तियाँ
चालू परिसंपत्तियाँ
स्थिर परिसंपत्तियाँ
गैर चालू निवेश
स्थगित कराधान परिसंपत्तियाँ (शुद्ध)
दीर्घकालीन ऋण एवं अग्रिम
अन्य गैर चालू परिसंपत्तियाँ
मूर्त परिसंपत्तियाँ
अमूर्त परिसंपत्तियाँ
पूंजीगत कार्य प्रगति पर
विकास के अधीन अमूर्त परिसंपत्तियाँ
चालू परिसंपत्तियाँ
माल सूची
व्यापार विपत्र
नकद एवं नकद समतुल्य
लघुअवधीय ऋण एवं अग्रिम
अन्य चालू परिसंपत्तियाँ

**जर्नलाइजिंग (Journalising)**

यहां यह उल्लेखनीय है कि जर्नल में लेखा करने की प्रक्रिया को जर्नलाइजिंग (Journalising) कहा जाता है जाता है जनरलाइजिंग निश्चित नियम के अनुसार किए जाते हैं । जनरल में एक खाते को डेबिट तथा दूसरे को क्रेडिट किया जाता है।

**जनरलाइजिंग की प्रक्रिया या अवस्थाएं (Process or steps involved in Journalising)**

**Step 1. प्रभावित होने वाले खाते की पहचान (To identify the Accounts to be affected)-** प्रत्येक व्यवहार का प्रभाव दो( या अधिक) खातों पर पड़ता है ,और पुस्तकों में व्यवहारों का लेखा करने के पूर्व उन दो खातों की पहचान किया जाना आवश्यक है जो लेनदेन से प्रभावित हो रहे हैं।

**Step 2. खाते की प्रकृति का निर्धारण करना (To Determine the nature of Affects)-** दो( या अधिक) खातों की पहचान के बाद हमें खातों की प्रकृति ज्ञात करनी चाहिए और क्या ये खाते व्यक्तिगत खाता, वास्तविक खाता, या और वास्तविक खाता से संबंधित है।

**Step 3. जनरल के नियम लागू करना (To apply the Rules of Journal)-** खातों की प्रकृति के आधार पर व्यवहारों( लेन-देन ) को डेबिट- क्रेडिट करने के लिए निर्धारित नियमों को लागू करके जर्नल में लेखा किया जाता है ।

**Step 4. जनरल में लेखे करना (Passing of Entry in the Journal) -** जनरल के नियमों को लागू करके जर्नल में लेखा किया जाना चाहिए और डेबिट किए जाने वाले खातों को डेबिट और क्रेडिट किए जाने वाले खातों को क्रेडिट करना चाहिए और प्रविष्टि के बाद संक्षेप में नरेशन लिखना चाहिए।

**Step 5. जोर लगाना और आगे ले जाना (Casting and Carry Forward) -** अंत में जनरल के प्रत्येक पृष्ठ में दोनों खानों की राशियों का अलग-अलग जो लगाया जाता है क्योंकि जर्नल में प्रविष्टियां कई प्रश्नों तक जारी रह सकती है।

**जर्नल में लेखा करने के नियम : परंपरागत व्यवस्था (Rules for Journalising:Traditional Approach)**

**1. व्यक्तिगत खातों के लिए(For Personal Accounts ):**

**( i)** पाने के लिए डेबिट करें (Debit the receiver)

**(ii)**देने वाले खाते को जमा करें( Credit the Giver)

**2. वास्तविक खातों के लिए(For Real Accounts):**

**(i)** आने वाली वस्तु /संपत्ति के खाते का नाम करें (Debit what comes in)

**(ii)**जाने वाली वस्तु /संपत्ति के खाते को जमा करें (Credit what goes out)

**3. अवास्तविक खाते के लिए (For Nominal Accounts):**

**(i)** समस्त व्यय तथा हानियों को डेबिट करें (Debit all expenses and losses)

**(ii)** समस्त आय तथा लाभों को क्रेडिट करें (Credit all gains and profits)

## सारांश

1. जर्नल प्रविष्टियों को बही - लेखा में खोले गए खातों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया को पोस्टिंग कहा जाता है।
2. बही - लेखा को लेखा की मुख्य बहियों के रूप में जाना जाता है और यह किसी भी व्यक्तिगत खाते से संबंधित सभी संव्यवहार के बारे में पूरी जानकारी प्रदान करता है।
3. डेबिट और क्रेडिट पक्षों के योग के बीच का अंतर अतिशेष के रूप में पाया जाता है। इनमें से कुछ अतिशेष को लाभ और हानि खाते में स्थानांतरित किया जाता है और कुछ को अगले वर्ष के लिए आगे ले जाया जाता है, यानी खाते की प्रकृति के आधार पर तुलन-पत्र में दिखाया जाता है।

**स्वर्णिम नियम (Golden Rules)**

**उदाहरण द्वारा स्पष्टीकरण**

**1. व्यापार के स्वामी का खाता(Proprietor's Account):(i) एकाकी व्यापार की दिशा में -**जब व्यापार का स्वामी पूंजी लगाकर व्यापार प्रारंभ करता है तो जनरल में लिखा करते समय व्यापार के स्वामी के नाम से खाता नहीं खोला जाता है अपितु पूंजी खाता(Capital Account)खोला जाता है ।जैसे - कपिल देव ने 1,00,000 से व्यापार प्रारंभ किया ।व्यवसाय की पुस्तकों में जनरल लेखन निम्न प्रकार होगा:-

Cash A/c Dr 1,00,000
To Capital A/c 1,00,000
(Being Cash brought in as capital)

यदि व्यापार का स्वामी नकद(cash),माल(goods) तथा मशीन लाकर व्यापार प्रारंभ करना करता है तो लेखा इस प्रकार करेंगे:-

Cash A/c ...Dr
Capital A/c ...Dr
Machinery A/c ...Dr
To Capital A/c
(Being Cash,goods and machinery brought for commencement of business)

**2. बैंक में रुपया जमा करना (Cash deposited in Bank)** - बैंक रुपए पाने वाला है इसलिए बैंक खाता को डेबिट किया जाएगा फॉर्म से नगद चला जाता है और संपत्ति में कमी होती है इसलिए रो कर खाता को क्रेडिट किया जाएगा:-

Bank A/c ...Dr
To Cash A/c
(Being Cash deposited into Bank)

**3. व्यापारी द्वारा आहरण (Drawing by Proprietor)-** कभी-कभी व्यापारी व्यवसाय में से अपने निजी खर्च के लिए नकद निकाल लेता है। इसी प्रकार कभी -कभी निजी अथवा घरेलू उपयोग के लिए माल(goods)भी ले लेता है। इस स्थिति में व्यवसायी का निजी खाता नहीं खोला जाता है बल्कि आहरण खाता (Drawings A/c)खोला जाता है।

**महत्वपूर्ण टिप्पणी (Important Note)**

यदि माल के क्रय एवं विक्रय के लिए(Goods A/c) का प्रयोग किया जाता हो तो (Purchase A/c)तथा(Sales A/c) से प्रविष्टि नहीं की जाएगी लेकिन यदि नहीं(Goods A/c)लिखना हो तो याद रखें:-

(i) नकद एवं उद्धार क्रय के लिए ' खाता'(Purchase A/c)को डेबिट किया जाएगा।

( ii)नकद एवं उधार बिक्री के लिए 'विक्रय खाता' को क्रेडिट किया जाएगा।

**खाता बही( Ledger )**

'खाता-बही' व्यवसाय व व्यापारी का **प्रधान मुख्य बही**(principal book) है जिसमें व्यापार में होने वाले सभी लेन-देनों का संक्षिप्त व वर्गीकृत लेखा किया जाता है। खाता बही किसी दिए हुए समय से संबंधित व्यवसाय के लेन-देनों का सारांश प्रस्तुत करती है।

**उदाहरण :-**

सरोज मार्ट से निम्नवत् सूचनाएँ प्राप्त की गई:

**वर्ष 2017 के अप्रैल माह के लेखा सौदे**

| तिथि | ब्योरा |
|---|---|
| 1 अप्रैल | 1.50,000 रु. से व्यवसाय आरंभ किया। |
| 1 अप्रैल | मनीषा से 36,000 रु. का माल खरीदा। |
| 1 अप्रैल | 2200 रु. नकद पर लेखन सामग्री खरीदी। |
| 2 अप्रैल | SBI में बैंक खाता खोला और 35,000 रु. जमा किये। |
| 2 अप्रैल | प्रिया को 16,000 रु. का नकद माल बेचा। |
| 3 अप्रैल | प्रिया ने चेक से 16,000 रु. का भुगतान किया। |
| 5 अप्रैल | निधि को 14,000 रु. का माल बेचा। |
| 8 अप्रैल | निधि ने 14,000 रु. का भुगतान किया। |
| 10 अप्रैल | ऋतु से 20,000 रु. का उधार माल खरीदा। |
| 14 अप्रैल | चेक द्वारा 6,000 रु. की बीमा किश्त का भुगतान । |
| 18 अप्रैल | 2,000 रु. का किराया दिया। |
| 20 अप्रैल | 1500 रु. का माल दान में दिया। |
| 24 अप्रैल | 11,200 रु. का फर्नीचर खरीदा। |
| 29 अप्रैल | व्यक्तिगत् उपयोग के लिए 2,000 रु. आहरित । |
| 30 अप्रैल | 1,200 रु. का ब्याज प्राप्त । |
| 30 अप्रैल | 2,300 रु. का नकद विक्रय । |
| 30 अप्रैल | चेक से 3,000 रु. कमीशन का भुगतान। |
| 30 अप्रैल | चेक से 2,000 रु. टेलिफोन बिल का भुगतान। |
| 30 अप्रैल | 12,000 रु. के वेतन का भुगतान। |

**रोजनामचा प्रविष्टियाँ दें।**

हल

## सरोजनी मार्ट की पुस्तकें
### रोजनामचा

| तिथि | विवरण | ब.पृ.सं. | नाम राशि रु. | जमा राशि रु. |
|---|---|---|---|---|
| 2017 01 अप्रैल | रोकड़ खाता नाम<br>पूंजी खाते से<br>(नकद धनराशि से व्यवसाय आरंभ) | | 1,50,000 | 1,50,000 |
| 01 अप्रैल | क्रय खाता नाम<br>मनीषा के खाते से<br>(उधार पर माल खरीदा) | | 36,000 | 36,000 |
| 01 अप्रैल | स्टेशनरी खाता नाम<br>रोकड़ खाते से<br>(नकद स्टेशनरी खरीदी) | | 2,200 | 2,200 |
| 02 अप्रैल | बैंक खाता नाम<br>रोकड़ खाते से<br>(SBI बैंक में खाता खोला) | | 35,000 | 35,000 |
| 02 अप्रैल | प्रिया खाता नाम<br>विक्रय खाते से<br>(प्रिया को उधार माल की बिक्री) | | 16,000 | 16,000 |
| 03 अप्रैल | बैंक खाता नाम<br>प्रिया खाते से<br>(प्रिया से चेक प्राप्त) | | 16,000 | 16,000 |
| 05 अप्रैल | निधि खाता नाम<br>विक्रय खाते से<br>(निधि को उधार माल बेचा) | | 14,000 | 14,000 |
| 08 अप्रैल | रोकड़ खाता नाम<br>निधि के खाते से<br>(निधी से नकद प्राप्त) | | 14,000 | 14,000 |
| 10 अप्रैल | क्रय खाता नाम<br>ऋतु के खाते से<br>(उधार पर माल खरीदा) | | 20,000 | 20,000 |
| 14 अप्रैल | बीमा किस्त खाता नाम<br>बैंक खाता से<br>(चेक से बीमा की किस्त का भुगतान) | | 6,000 | 6,000 |
| 18 अप्रैल | किराया खाता नाम<br>रोकड़ खाते से<br>(किराया दिया) | | 2,000 | 2,000 |
| 20 अप्रैल | दान खाता नाम<br>क्रय खाते से<br>(माल को दान में दिया) | | 1,500 | 1,500 |
| 24 अप्रैल | फर्नीचर खाता नाम<br>रोकड़ खाते से<br>(कार्यालय फर्नीचर खरीदा) | | 11,200 | 11,200 |
| 29 अप्रैल | आहरण खाता नाम<br>रोकड़ खाते से<br>(व्यवसाय से स्वामि द्वारा नकद आहरण) | | 5,000 | 5,000 |
| 30 अप्रैल | रोकड़ खाता नाम<br>ब्याज प्राप्ति खाते से<br>(ब्याज प्राप्त) | | 1,200 | 1,200 |

4) खाता बही की आवश्यकता इसके लिए भी है कि बिना खाता बही के तलपट तथा अंतिम खाता तैयार नहीं किया जा सकता है

5) खाता बही होने से व्यापारी अपने व्यापार के संबंध में बहुत ही आवश्यक सूचनाएं थोड़े समय में प्राप्त कर सकते हैं

6) न्यायालय में वित्तीय विवादों के संबंध में खाता बही प्रमाण का कार्य करती है।

7) खाता बही से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर व्यवसाय की उन्नति के लिए भावी योजनाओं के निर्माण में सहायता मिलती है ।

- **खाता-बही बहीखाता की एक प्रधान तथा महत्वपूर्ण पुस्तक है और प्रत्येक व्यवसाय व व्यापारी के लिए इसे रखना आवश्यक है।**

**खाता एवं खाता बही (Account and the Ledger)**

- ऐसी पुस्तक जिनमें विभिन्न प्रकार के खाते दिखाए जाए उसे खाता बही कहते हैं।

**खाता बही का प्रारूप ( Form of Ledger):-**

- **इनमें व्यवसाय के** अनुसार अनेक पन्ने या पृष्ठ होते हैं ।
- प्रत्येक पृष्ठ एक मोटी सीधी रेखा से दो भागों में विभाजित रहता है पृष्ठ के बाएं भाग में नाम या डेबिट भाग तथा दाहिने भाग को जमा या क्रेडिट भाग कहा जाता है।
- प्रत्येक भाग में 4 कॉलम होते हैं इस प्रकार पूरे पृष्ठ पर 8 खाने होते हैं खाने बनाने से पूर्व खाते का शीर्षक या नाम लिखा जाता है।

  साधारणतः शीर्षक मोटे अक्षरों में लिखा जाता है।

**खाते का प्रारूप निम्नांकित प्रकार है:-**

**Ledger account** बनाने के लिए **"T" format** तैयार किया जाता है. यह प्रारूप दो भागों में विभाजित रहता है जिसके दो पक्ष होते हैं – **Debit side** और **Credit side.** हम इसके प्रारूप में देख सकते हैं कि **left hand side** डेबिट पक्ष है और **right hand side** क्रेडिट पक्ष है। –

**PERFORMA OF LEDGER**

| | | | Dr. | | | | Cr. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| DATE | PARTICULARS | J.F. | AMOUNT | DATE | PARTICULARS | J.F. | AMOUNT |
| | | | | | | | |

आप ऊपर **"performa of ledger"** में देख सकते हैं प्रत्येक पक्ष में चार कॉलम हैं –

1. **Date :** इस कॉलम में लेनदेन **(transactions)** की तारीख दर्ज की जाती है.
2. **Particulars :** प्रत्येक लेनदेन दो खाते को प्रभावित करता है, दूसरे खाते का नाम जो लेनदेन से प्रभावित होता है, इस कॉलम में लिखा जाता है अर्थात डेबिट या क्रेडिट किया गया खाता इस कॉलम में दर्ज किया गया है. **Debit side** की जो प्रविष्टियां होती है वह **'To'** के साथ और क्रेडिट पक्ष में, प्रविष्टियाँ **'By'** के साथ शुरू होती है.
3. **J.F. :** इसका **full form Journal Folio** होता है और इस कॉलम में, जर्नल का पेज नंबर जिसमें से उस विशेष प्रविष्टि को स्थानांतरित किया जाता है, दर्ज किया जाता है.
4. **Amount :** खाते से संबंधित लेनदेन की राशि इस कॉलम में दर्ज की जाती है.

**रोजनामचे व खाता बही में अंतर –**

रोजनामचा व खाता बही द्विअंकन लेखा प्रणाली की सबसे महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं। इस लेखा तकनीक का प्रयोग करने पर इन पुस्तकों का उपयोग अनिवार्य है। इन दोनों की तुलना में निम्न बिंदु ध्यान योग्य है।

1. रोजनामचा प्रथम प्रविष्टि की पुस्तक है जबकि खाता बही द्वितीय प्रविष्टि की।
2. रोजनामचा कालक्रमानुसार प्रविष्टियों का प्रलेख है जबकि खाता बही विश्लेषणात्मक प्रलेख ।
3. रोजनामचा को स्रोत प्रविष्टियों की पुस्तक होने के कारण न्यायिक प्रमाण के रूप में खाता बही से अधिक प्रमाणिकता प्राप्त है।
4. रोजनामचे में वर्गीकरण का आधार सौदा है जबकि खाता बही में वर्गीकरण का आधार खाता है।
5. रोजनामचे में प्रविष्टि को जर्नलाइजिंग कहते हैं जबकि खाता बही में प्रविष्टि का खतौनी ।

**खाता बही के खतौनी के निम्नलिखित नियम है। :-**

1. जर्नल में जितने खातों का नाम आया है, उन सभी के लिए खाते खोलिए।

### बैंक खाता

नाम | जमा

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | | | | 2017 | | | |
| 08 जून | रोकड़ | | 80,000 | 12 जून | कार्यालय मशीन | | 30,000 |
| 28 जून | मोहित ब्रदर्स | | 10,000 | 18 जून | किराया | | 5,000 |

### क्रय खाता

नाम | जमा

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | | | | 2017 | | | |
| 12 जून | गुलमोहर फैशन हाउस | | 30,000 | | | | |

### गुलमोहर फैशन हाउस खाता

नाम | जमा

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | | | | 2017 | | | |
| 25 जून | रोकड़ | | 30,000 | 12 जून | क्रय | | 30,000 |

### कार्यालय मशीन खाता

नाम | जमा

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | | | | | | | |
| 12 जून | बैंक | | 20,000 | | | | |

### किराया खाता

नाम | जमा

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | | | | | | | |
| 18 जून | बैंक | | 5,000 | | | | |

### मोहित ब्रदर्स खाता

नाम | जमा

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | | | | 2017 | | | |
| 20 जून | विक्रय | | 10,000 | 28 जून | रोकड़ | | 10,000 |

### विक्रय खाता

नाम | जमा

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2017 | | | |
| | | | | 20 जून | मोहित ब्रदर्स | | 10,000 |
| | | | | 22 जून | रोकड़ | | 15,000 |

### वेतन खाता

नाम | जमा

| तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. | तिथि | विवरण | रो.पृ.सं. | राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | | | | | | | |
| 30 जून | रोकड़ | | 6,000 | | | | |

**प्रश्न:- निम्न लेन-देनों की रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए**

1 दिसंबर, 2017 हेमा ने रोकड़ से व्यापार आरंभ किया 1,00,000
1,00,000 रु.

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिसंबर, 2017 हेमा ने रोकड़ से व्यापार आरंभ कि | - | 30,000 रु. |
| 2 दिसंबर भारतीय स्टेट बैंक में खाता खोला | - | 20,000 रु. |
| 4 दिसंबर आशु से माल खरीदा | - | 15,000 रु. |
| 6 दिसंबर राहुल को नकद माल बेचा | - | 40.000 रु. |
| 10 दिसंबर तारा से नकद माल खरीदा | - | 20,000 रु. |
| 13 दिसंबर सुमन को माल बेचा | - | 19.500 रु. |
| 16 दिसंबर सुमन से बट्टा भुगतान का चेक प्राप्त किया | - | 500 रु. |
| 20 दिसंबर आशु को भुगतान का चेक जारी किया | - | 2,000 रु. |
| 22 दिसंबर किराये का भुगतान चेक द्वारा किया | - | 16,000 |
| 23 दिसंबर बैंक में जमा कराए | - | 10,000 रु. |
| 25 दिसंबर प्रज्ञा से मशीन खरीदी | - | 2,000 रु. |
| 26 दिसंबर व्यापारिक खर्चे | - | 10,000 |
| 28 दिसंबर प्रज्ञा को चेक द्वारा भुगतान किया | - | 1,200 रु. |
| 29 दिसंबर टेलिफोन व्यय के लिए चेक दिया | - | 4.500 रु. |
| 31 दिसंबर वेतन का भुगतान किया | - | 30,000 रु. |

**प्रश्न - निम्न लेन-देनों की रोजनामचे में प्रविष्टि कर खाते में खतौनी कीजिए -**

1 नवंबर, 2017 को रोकड़ 1,50,000 रु. व 50,000 रु. के माल से व्यापार आरंभ किया

| | |
|---|---|
| 3 नवंबर हरीश से माल खरीदा | 30,000रु. |
| 5 नवंबर नकद माल बेचा | 12,000 रु. |
| 8 नवंबर नकद फर्नीचर खरीदा | 5,000रु. |
| 10 नवंबर हरीश को नकद भुगतान किया | 15,000 रु. |
| 13 नवंबर विविध व्ययों का भुगतान किया | 200 रु. |
| 15 नवंबर नकद बिक्री | 15,000 रु |
| 18 नवंबर बैंक खाते में जमा करवाए | 5,000रु. |
| 20 नवंबर व्यक्तिगत प्रयोग के लिए रोकड़ निकाली | 1,000 रु. |
| 22 नवंबर हरीश को अंतिम भुगतान किया | 14,700 रु. |
| 25 नवंबर नीतिश को माल बेचा | 7,000रु. |
| 26 नवंबर माल की ढुलाई दी | 200 रु. |
| 27 नवंबर किराए का भुगतान किया | 1,500 रु. |
| 29 नवंबर नीतीश ने भुगतान किया | 6,800 रु. |
| बट्टा दिया | 200 रु. |
| 30 नवंबर वेतन का भुगतान किया | 3,000 रु. |

**तलपट(Trial Balance)**

- **तलपट वह सूची है, जिसमें एक लेखा-बही के समस्त खातों (या लेखाओं) के डेबिट पक्ष तथा क्रेडिट पक्ष की राशियों के योग बराबर होते हैं तो यह समझा जाता है कि खाते गणितीय दृष्टि से शुद्ध है।**
- तलपट को परीक्षा सूची भी कहा जाता है।
- तलपट का मिलान खाता बही की गणित संबंधी शुद्धता की निशानी है।

**तलपट की मुख्य विशेषताएं (Main Features of Trial Balance)**

1. इसमें खाता बही के खातों के डेबिट और क्रेडिट योगों या खातों के शेषों को दिखाया जाता है।
2. यह किसी निश्चित तिथि को तैयार किया जाता है।
3. यह सामान्यतः वर्ष के अंत में बनाया जाता है।
4. इसका उद्देश्य खातों के शेषों की अंकगणितीय शुद्धता ज्ञात करना है।
5. यह एक विशेष प्रकार की सूची होती है।
6. तलपट से अंतिम खाते तैयार किए जाते हैं।
7. इसे अलग सादे कागज पर तैयार किया जाता है।
8. यदि तलपट के डेबिट एवं क्रेडिट पक्षों के जोड़ बराबर होते हैं तो आमतौर पर विस्टियों को गणितीय दृष्टि से शुद्ध माना जाता है और अगर इनके योग बराबर नहीं होते हैं तो यह समझा जाता है कि उन में गणित संबंधी कोई गलतियां हैं
9. यह विधिवत और तथ्य रूप में हमारे समस्त लेखे को दर्शाता है

3. **हिसाबी अशुद्धियां(Errors of Commission)** जब लेनदेन की राशि अशुद्ध लिख दी जाए या प्रारंभिक लेखों के पुस्तकों में खतियाते समय गलती हो जाए तो उसे हिसाब संबंधित अशुद्धि भी कहते हैं।

4. **क्षतिपूरक अशुद्धियां(Compensating Errors)** यदि लेखा पुस्तकों में त्रुटि इस प्रकार की हो जो कि पहले त्रुटि के प्रभाव को समाप्त करदे तो उसे क्षतिपूरक अशुद्धि कहते हैं।

**2. तलपट को प्रभावित करने वाले अशुद्धियां**

इन अशुद्धियों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है :-

(क)हिसाब की अशुद्धियां (Errors of Commission)

(ख)तलपट की अशुद्धियां (Trial Balance Errors)

**(क) हिसाब की अशुद्धियां**

1) प्रारंभिक बहियों में जोड़ की भूल होना
2) प्रारंभिक बहियों से खाता बही में रकम का न खातियाया जाना।
3) किसी खाते में दो बार रकम लिख देना।
4) रकम किसी खाते के गलत पक्ष में लिख दी गई हो।
5) खाते का शेष गलत निकल गया
6) प्रारंभिक लेखे की बहियों से खातों में गलत धनराशि का खतियाया जाना।
7) खाते का योग गलत लग गया हो
8) रोकड़ पुस्तक के शेष को या किसी खाते के शेष को तलपट में ना दिखाया जाना ।
9) एक पृष्ठ के जोड़ को दूसरे पृष्ठ पर ले जाते समय गलत राशि लिख देना।
10) देनदारों व लेनदारों की सूचियां बनाने में गलती हो जाना।

**(ख) तलपट की अशुद्धियां**

1) तलपट में किसी खाते का शेष लिखने से छूट जाना।
2) तलपट में कोई रकम गलत लिख देना।
3) तलपट में गलत खाने में कोई रकम लिख देना जैसे:- डेबिट शेष को भाग में लिखना और क्रेडिट शेष को डेबिट भाग में लिखना।
4) तलपट के डेबिट तथा क्रेडिट खानों का जोड़ गलत होना।

**अशुद्धियों का वर्गीकरण:-**

**[अशुद्धियां]**

**तलपट द्वारा प्रकट होने वाली अशुद्धियाँ**

- जोड़ की अशुद्धि
- गलत पक्ष की खतौनी
- शेष निकालने में अशुद्धि
- एक ही खाते में दोहरी खतौनी

**ट्रायल बैलेंस बनाने के नियम:**

**ट्रायल बैलेंस के नियम हैं-**

सभी लायबिलिटी क्रेडिट पक्ष में और एसेट्स डेबिट पक्ष पर दिखाई देनी चाहिए।

लाभ और इनकम, ट्रायल बैलेंस के क्रेडिट पक्ष पर दिखाई देनी चाहिए।

ट्रायल बैलेंस के डेबिट पक्ष पर खर्च दिखाई देनी चाहिए।

**तलपट द्वारा ना प्रकट होने वाली अशुद्धियां**

- भूल की अशुद्धियां
- हिसाब की अशुद्धियां
- सैद्धांतिक अशुद्धियां
- क्षतिपूरक अशुद्धियां

**अशुद्धियों को ज्ञात करना**

यदि तलपट का मिलान नहीं हो पाता है तो लेखाकार को अशुद्धियाँ ढूंढ़ने के लिए निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए:

